हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

11 वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह में 190 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा...



12 धमतरी की ऐतिहासिक वनोपज मंडी फिर हुई ...



कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

नवरात्रि विशेष



तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

खबर संक्षेप

जोरातराई अं में आज मुकुट पूजा, बाली वध

अंवरी। अमर ज्योति नव दुर्गोत्सव समिति द्वारा चंदन बाई चौक जोरातराई (अं) में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा। 13 अक्टूबर को मुकुट पूजा, बाली वध का कार्यक्रम, 15 अक्टूबर को सांस्कृतिक लोक कला मंच मोर संगवारी भोथली धमतरी, 17 अक्टूबर को लोक कला मंच तिहार छाती धमतरी की प्रस्तुति होगी। 19 अक्टूबर को हवन पूजन एवं जय मां शीतला झांकी परिवार नपं भखारा (धमतरी), 21 अक्टूबर को रावण वध अमर ज्योति नाट्य कला मंच की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में पंचम पाल, अशोक पाल, गोपालसिंह राजपूत, नेमी साहू, ईश्वर निषाद, प्रकाश निषाद, संतोष साहू, प्रकाश तारक समेत समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

लोगों का इंतजार खत्म : तीन दिन बाद खुलेंगे जिले के रेत घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश के चार माह बंद रहने के बाद अब रेत खदानें खुलने की कगार पर हैं। तीन दिन बाद 16 अक्टूबर से सभी खदानें खुल जाएंगी। बारिश के सीजन में रेत की किल्लत बनी हुई है। लोगों को महंगे दाम पर रेत खरीदनी पड़ रही है। अब लोगों का इंतजार खत्म होने जा रहा है। खदानों के खुलने के बाद रेत के दाम कम होने की उम्मीद है।

मानसून शुरू होने से पहले 10 जून से सभी रेत खदानों पर एनजीटी के नियम के तहत प्रतिबंध लगा दिया गया था। अब मानसून की विदाई हो चुकी है। इसके साथ ही खदानों के खुलने का समय का भी आ गया है।

16 अक्टूबर से रेत खदानें खुलने जा रही हैं। खदान खुलते ही नदियों से रेत की निकासी तेजी से शुरू होगी, जिससे बाजार में रेत की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

वर्तमान स्थिति में रेत की कमी के कारण लोगों को अपने मकान और अन्य निर्माण कार्यों के लिए मोटी रकम चुकानी पड़ रही थी।

खदानों के खुलने से रेत के दाम कम होने की उम्मीद



फाइल फोटो

महानदी में बाढ़ से खदानों में रेत की अच्छी आवक

चोरी-छिपे बिकने वाली रेत की कीमत आसमान छू रही थी, जिससे कई लोगों ने अपने सपनों का आशियाना बनाने का काम बीच में ही रोक दिया था। खदान खुलने के बाद सस्ती और आसानी से उपलब्ध रेत मिलने से न केवल आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि जिले में चल रहे सरकारी और निजी निर्माण कार्यों, पुल-पुलिया, सड़कों और ठेकेदारी के कामों में भी तेजी आएगी। उल्लेखनीय है कि महानदी में बाढ़ आने के कारण इस साल खदानों में रेत की अच्छी आवक हुई है।

नया राशन कार्ड बनाने के लिए नियम में बदलाव, अब सेंट्रल के पोर्टल में बनेगा कार्ड

आय, जाति प्रमाण-पत्र नहीं तो सरकारी राशन भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नया राशन कार्ड बनावाने के लिए मुसीबत और बढ़ गई है। अब नया राशन कार्ड बनवाने अथवा पुराने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए उस व्यक्ति को जाति प्रमाण- पत्र के साथ आय प्रमाण-पत्र भी देना पड़ेगा। प्रक्रिया में नया पेंच आने से अब लोग राशन कार्ड बनवाने से परहेज रहे हैं। उधर पोर्टल में समस्या के कारण भी राशन कार्ड बनाने का काम अटका हुआ है।

अब तक राज्य सरकार के पोर्टल से राशन कार्ड बनाया जा रहा था। अब स्मार्ट पीडीएस सिस्टम लागू करते हुए केंद्र सरकार के पोर्टल से राशन कार्ड बनाया जाएगा। 22 राज्यों में पहले से केंद्र सरकार के पोर्टल से राशन कार्ड बन रहा है। छत्तीसगढ़ 23वां राज्य होगा। इसके साथ ही राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आया है। राज्य सरकार के पोर्टल में जाति प्रमाण -पत्र नहीं ⏭ शेष पेज 11 पर



फाइल फोटो

जाति प्रमाण-पत्र बनेगा गले की फांस

पहले से ही तहसील न्यायालय में आय, जाति और निवास प्रमाण-पत्र के सैंकड़ों आवेदन पेंडिंग हैं। अब राशन कार्ड के लिए भी जाति और आय प्रमाण पत्र की डिमांड से आवेदनों की संख्या और बढ़ेगी। जाति प्रमाण -पत्र के लिए मिसल रिकार्ड अहम दस्तावेज है। यह रिकार्ड जर्जर हो चुके हैं। इस रिकार्ड को ऑनलाइन किया गया है, लेकिन रिकार्ड अपलोड करने में चूक के चलते ऑनलाइन रिकार्ड देखना बहुत मुश्किल है। ऐसे में लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

हर साल बढ़ जाते हैं राशन कार्ड

बंटवारा सहित अन्य कारणों से लगातार परिवारों की संख्या बढ़ रही है। हर परिवार अपने लिए नया राशन कार्ड की डिमांड करता है। यही कारण है कि हर साल राशन कार्ड की संख्या बढ़ जाती है। वर्तमान में जिले में 2 लाख 64 हजार राशन कार्ड हैं, जिसमें एपीएल, बीपीएल के सभी श्रेणी के राशन कार्ड शामिल हैं। ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर निगम में नए राशन कार्ड, राशन कार्ड में संशोधन के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया गया है। इन राशनकार्डों के बनने के बाद जिले में राशन कार्ड की संख्या और बढ़ने कीसंभावना है।

भाजपा महिला मोर्चा ने घेरा कांग्रेस भवन

- जेएनयू की छात्राओं के साथ कथित यौन उत्पीड़न तथा मणिपुर सांसद पर लगे आरोपों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जेएनयू की छात्राओं के साथ कथित यौन उत्पीड़न और मणिपुर की सांसद पर लगाए गए आरोपों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस भवन का घेराव किया। महिला मोर्चा के प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन के दौरान महिला सम्मान, सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई।

सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं सदस्य 11 बजे गांधी मैदान में एकत्रित होने लगी। दोपहर 12 बजे से भाजपा नेत्रियों ने गांधी मैदान में महिला सम्मान सुरक्षा एवं न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। 1 बजे के बाद महिला मोर्चा ने गांधी मैदान से कांग्रेस भवन की ओर कूच किया। हाथ में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए महिलाओं ने कांग्रेस भवन का घेराव कर खूब प्रदर्शन किया। इधर महिला मोर्चा के कांग्रेस भवन घेराव को लेकर कांग्रेस भवन के प्रवेश द्वार पर बैरिकेड्स लगाकर बड़ी संख्या में महिला पुलिस बल की तैनाती की गई। प्रदर्शनकारी कुछ महिलाओं ने बैरिकेड्स पर चढ़ने का प्रयास किया जिनके साथ महिला पुलिस की झूमाझटकी भी हुई।

महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता शर्मा ने कहा कि महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार का राजनीतिक पक्षपात किए बिना निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। आरोप प्रमाणित होते हैं तो संबंधित दोषियों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई ⏭ शेष पेज 11 पर





श्रद्धालुओं से भरा छोटा हाथी पलटा, 25 से अधिक घायल

- भटगांव के आईटीआई कॉलेज के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल में अंगारमोती मंदिर से माता का दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी छोटा हाथी पिकअप भटगांव के आईटीआई कॉलेज के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस घटना में 25 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बालोद जिले के ग्राम बोहारा के लगभग 40 ग्रामीण नवरात्रि पर्व में देवी दर्शन के लिए छोटा हाथी पिकअप वाहन में सवार होकर अंगारमोती मंदिर गंगरेल पहुंचे थे। सभी श्रद्धालु गंगरेल पहुंच माता का दर्शन कर छोटा हाथी में सवार होकर खिड़कीटोला, भटगांव, सोरम होते हुए पुरूर पहुंच नेशनल हाइवे से होकर सांकरा के सियादेवी मंदिर जाने वाले थे। छोटा हाथी गंगरेल से निकल भटगांव की तरफ बढ़ रहा था। इसी दौरान भटगांव के पहले स्थित आईआईटी कॉलेज के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। वाहन के पलटने से आगे सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। इस ⏭ शेष पेज 11 पर





ये हुए घायल

छोटा हाथी के पलटने से चित्राणी साहू 14 वर्ष बोहारा बालोद, प्रिया साहू 8 वर्ष बोहारा, विद्या साहू 60 वर्ष बोहारा, तुलजी साहू 60 वर्ष कोसागोंदी बालोद, भगवती साहू 37 वर्ष बोहारा, पीताम्बर साहू 37 वर्ष बोहारा, रामजी 58 वर्ष, धुनेश्वरी 32 वर्ष अरनाल बालोद, गौरी 60 वर्ष, परपी साहू 36 वर्ष, रूक्मणि साहू 35 वर्ष श्यामतराई धमतरी, लक्ष्य साहू 10 वर्ष बोहारा, सुनीता साहू 30 वर्ष बोहारा, देविका साहू 13 वर्ष श्यामतराई धमतरी निवासी सहित अन्य लोग घायल हुए हैं।

लौटा मानसून : हवा, तूफान, वज्रपात की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोमवार को दक्षिण पश्चिम मानसून की पूरे छत्तीसगढ़ से वापसी हो गई है। वहीं प्रदेश में अगाामी पांच दिनों तक मौसम के खराब रहने की संभावना है। इस दौरान बादल के गरजने, तेज हवा और वज्रपात होने की जानकारी है।

मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को मानसून सिक्किम, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश के कुछ हिस्सों, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गोवा के बाकी हिस्सों से वापस चला गया है। मानसून की वापसी रेखा धुबरी, कोलकत्ता, अंगुल, खम्मम, होन्नावार से होकर गुजरी हुई है। समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी पूर्वी उत्तरप्रदेश तक द्रोणिका बनी हुई है। पूर्वी उत्तरप्रदेश तथा आसपास के क्षेत्र में ऊपरी हवा का चक्रवात परिसंचरण बना हुआ है।

इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा हो सकती है। वहीं एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने तथा 40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

अवैध पटाखों के कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई, 1.20 लाख रुपए के पटाखे जब्त



- भटगांव के नवनिर्मित मकान में मिला पटाखों का जखीरा
- बिना लाइसेंस भंडारण के आरोप में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



त्योहारों के मद्देनजर रुद्री पुलिस ने अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम भटगांव में एक नवनिर्मित मकान से 1 लाख 20 हजार रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए हैं।

पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय के निर्देश पर जिले में अवैध पटाखों के भंडारण, परिवहन और बिक्री पर निगरानी रखी जा रही है। इसी दौरान थाना रुद्री पुलिस को मुखबिर से ग्राम भटगांव स्थित एक नवनिर्मित मकान में बिना वैध अनुमति के बड़ी मात्रा में पटाखे रखने और उनकी बिक्री की तैयारी किये जाने की सूचना मिली। रुद्री पुलिस की टीम ने ततकाल दबिश दी। तलाशी के दौरान विभिन्न कंपनियों के पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने मौके से 10 खाची और एक कार्टून पटाखे जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत 1.20 लाख रुपए बताई गई है।

मामले की विवेचना जारी

इस मामले में पुलिस ने शुभम देवांगन उम्र 20 वर्ष पिता तरुण देवांगन निवासी ग्राम भटगांव थाना रुद्री के खिलाफ थाना रुद्री में विस्फोटक अधिनियम, 1884 की धारा 9(ख) में अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की विवेचना जारी है।

सुमित बाजार™



धमतरी में आज व कल

बाजार मूल्य ₹1399 से ₹1899 प्रति पीस वाले
प्रीमियम ब्रांडेड फैशन एवं रेग्यूलर वियर
MENS JEANS
4 पीस जीन्स
₹999 में
*condition apply

अविश्सवसनीय रेट ऑफर... 4 जीन्स की कीमत ₹999 में... साईज उपलब्धतानुसार... ऑफर स्टॉक रहने तक...

रुद्री रोड, धमतरी

खबर संक्षेप



कार्यशाला में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की जानकारी दी

कांकेर। गुवाहाटी, असम में 5 से 14 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला में शासकीय हाई स्कूल इरादाह के व्याख्याता ओमप्रकाश डड़सेना शामिल हुए। हमारी सांस्कृतिक विविधता विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में देशभर के 159 प्रतिभागी शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान जुट शिल्प, टेराकोटा, बांस शिल्प, लोक चित्रकला और कठपुतली निर्माण की जानकारी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ की लोककला एवं परंपराओं की प्रतिभागियों ने सराहना की।

सर्पदंश से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। बड़गांव थानांतर्गत बड़गांव निवासी 55 वर्षीय बेरो बाई गावड़े पति प्रधान गावड़े का अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका खेत में काम करने के लिए गई थी। अचानक साप ने काट लिया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। आमाबेड़ा थानांतर्गत कोण्डागांव जिला के कुकड़ा जुगानार निवासी 30 वर्षीय शाम लाल पिता धनसिंह का पानी में डूबने से 10 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक नाला के पानी में नहाने के लिए गया था। नहाने के दौरान डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

तालाब में गिरने से महिला की हुई मौत

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 118 निवासी 36 वर्षीय समिता नेताम पति आसाराम नेताम का तालाब में डूबने से 10 अक्टूबर को मौत हो गई। मृतिका के पित ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी रात को शराब का सेवन कर तालाब में गिर गई।

कक्षा 10वीं में 'मिशन 90 पार' और 12वीं में 'मिशन 95 पार' का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिपं सीईओ ने ली प्राचार्यों की समीक्षा बैठक, परीक्षा परिणाम सुधारने के दिए निर्देश

जिले में बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में सुधार और शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं के लिए मिशन 90 पार तथा कक्षा 12वीं के लिए मिशन 95 पार की रणनीति तैयार की गई है। इस संबंध में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा की अध्यक्षता में जिले की शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में गत वर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए श्री नाहटा ने बेहतर परिणाम के लिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने, उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने, अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से पाठ्यक्रम समय पर पूरा करने तथा कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर विशेष कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। राज्य के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 15 नवंबर तक पाठ्यक्रम पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सहायक संचालक आरएन मिश्र, यदुनंदन वर्मा, कीर्ति कुमार साहू, जिला मिशन समन्वयक अनुराग त्रिवेदी, सहायक जिला परियोजना अधिकारी खेमेन्द्र साहू, सहायक कार्यक्रम समन्वयक अजय पाण्डेय सहित सभी बीईओ एवं एबीईओ उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग देने पर चर्चा

डीईओ मधुलिका तिवारी ने बोर्ड परीक्षा 2026 में 60 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाली 29 शासकीय एवं 23 अशासकीय शालाओं के प्राचार्यों से चर्चा कर सुधारात्मक प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में जिला पीएलसी समिति द्वारा तैयार प्रश्न बैंक एवं मॉडल उत्तरों का लिखित अभ्यास कराने तथा जिला शिक्षा विभाग के यूट्यूब चैनल और पीएम ई-विद्या के माध्यम से विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग देने पर भी चर्चा हुई।



नियमित समीक्षा और जवाबदेही पर जोर

प्राचार्यों को प्रत्येक 15 दिवस में शाला स्तर पर विषयवार शिक्षकों के साथ तथा प्रत्येक माह विकासखंड स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्यों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित करने तथा लापरवाही पाए जाने परकार्रवाई करने की बात कही गई। लगातार कमजोर परिणाम देने वाले अशासकीय विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार मान्यता निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश भी दिए गए। श्री नाहटा ने कहा कि परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

प्रमुख मंदिरों में 2600 से अधिक मनोकामना ज्योत प्रज्वलित

कुरूद में नवरात्रि की धूम : विधायक ने किया 27वां दशहरा महोत्सव का शुभारंभ





■ अनुराग धारा की प्रस्तुति से सजी सांस्कृतिक संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

क्वांर नवरात्रि के आगाज के साथ कुरूद नगर आस्था और उत्सव के रंग में रंग गया है। एक ओर प्रमुख देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कर श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना में जुटे हैं, वहीं खेल मैदान में विधायक एवं महोत्सव समिति के मुख्य संरक्षक अजय चंद्राकर ने रविवार को 27वें कुरूद दशहरा महोत्सव-2026 का शुभारंभ किया। पहले दिन छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक कलाकार कविता वासनिक के कार्यक्रम अनुराग धारा की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

मंदिरों में प्रज्ज्वलित हुईं मनोकामना ज्योत

नगर की आराध्य मां चंडी मंदिर में 2341 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। जय महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में संस्थापक गुरुमुख सिंह होरा ने दीप प्रज्ज्वलित किए। यहां 174 तेल ज्योति और 22 घी ज्योति जल रही है। मां शीतला मंदिर में भी 95 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई हैं। श्रद्धालु नौ दिनों तक पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।

चौक-चौराहों पर सजे दुर्गा पंडाल

नवरात्रि पर संजय नगर, सरोजनी चौक, पुराना बाजार चौक, थाना चौक, गांधी चौक, बजरंग चौक, पुरानी कृषि उपज मंडी, नया बाजार चौक, इंदिरा नगर, शंकर नगर, कारगिल चौक, नया तालाब, सूर्य नमस्कार चौक और धोबनी तालाब सहित विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। रंग-बिरंगी विद्युत सजावट और आकर्षक पंडालों के बीच जसगीत, पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक आयोजनों से नगर में नौ दिनों तक उत्सवी माहौल बना रहेगा। दशहरा महोत्सव में आगामी दिनों में लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां, मीना बाजार और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे।





महोत्सव के शुभारंभ समारोह में विधायक चंद्राकर ने कहा कि 27 वर्षों से आयोजित यह महोत्सव कुरूद को एक परिवार की तरह जोड़ने के साथ लोक कला और सांस्कृतिक परंपराओं को मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने की। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी दीवान और रविकांत चंद्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समिति अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महासचिव भानु चंद्राकर और कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जापान में भारत का प्रतिनिधित्व कर लौटीं सुनैना एवं समीक्षा का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

त्रिकुट धाम परिक्षेत्र कोसमर्रा क्षेत्र की प्रतिभावान छात्रा सुनैना साहू देवरी एवं समीक्षा साहू कोसमर्रा ने भारत सरकार की इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर जापान के सकुरा साइंस हाई स्कूल प्रोग्राम में देश का प्रतिनिधित्व किया।

जापान प्रवास के दौरान छात्राओं ने द यूनिवर्सिटी ऑफ टोक्यो (स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स), स्पेस डोम, जाक्सा, मेकाई हाई स्कूल एवं असाकुसा टेंपल जैसी संस्थाओं का शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन किया। स्वदेश लौटने पर त्रिकुट धाम परिक्षेत्र के अध्यक्ष रामचंद्र साहू के नेतृत्व में उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने छात्राओं, उनके माता-पिता एवं गुरुजनों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि से पूरे समाज का गौरव बढ़ा है। समाजजनों ने मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर दोनों छात्राओं का सम्मान किया।

मौके पर दमयंती साहू, ओमप्रकाश साहू, भोलाराम साहू, भूषण साहू, विष्णु साहू, दाऊलाल साहू, अशोक साहू, घनश्याम साहू, डिकेश्वरी साहू, हीराबाई साहू, संतोष साहू, रूपचंद साहू, राजू साहू, हिना साहू, लखनी साहू, हेमपुष्पा साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

अटंग में राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 24 से

सिरी। ग्राम अटंग में जय बजरंग क्रीड़ा मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 24 और 25 अक्टूबर को राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रवेश शुल्क 301 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए रखा गया है। यह जानकारी अध्यक्ष नेहरू साहू, तेजेन्द्र साहू, रोशन चंद्राकर, रुद्रनाथ साहू ने दी।

राम-सीता के स्वरूप में सजीं प्रतिभागी



■ श्रीराम जानकी सर्व गरबा महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

चंद्राकर भवन में श्री रामजानकी सर्व महिला गरबा महोत्सव 2026 का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण में हुआ। उद्घाटन दिवस पर रामजानकी थीम के तहत प्रतिभागी भगवा वस्त्रों और साड़ियों में भगवान श्रीराम एवं माता सीता के स्वरूप में नजर आईं। रंगों और फूलों की वर्षा के बीच महिलाओं ने आकर्षक गरबा की प्रस्तुतियां दीं।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि गरबा भारतीय संस्कृति और आराधना का अभिन्न हिस्सा है। यह महिलाओं को मनोरंजन, मेल-मिलाप और प्रतिभा प्रदर्शन का मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विविधताओं से भरी भारतीय संस्कृति में गरबा श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाने वाला उत्सव है। कार्यक्रम में पार्षद राखी चंद्राकर सहित समाज की वरिष्ठजन रमा, द्रौपदी, उर्वशी, परमेश्वरी, दशोदा साहू, सावित्री, मीना एवं शीला चंद्राकर उपस्थित रहीं। अतिथियों ने भी गरबा में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सरिता चंद्राकर एवं गायत्री चंद्राकर ने किया। अध्यक्ष नेहा चंद्राकर, उपाध्यक्ष नमिता चंद्राकर, सचिव सुरेखा चंद्राकर और कोषाध्यक्ष भारती चंद्राकर सहित आयोजन समिति की महिलाओं ने व्यवस्थाएं संभालीं। महोत्सव में आगामी दिनों में भी विभिन्न थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

शाकंभरी महोत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

6 दिसंबर को सरदार बलवीरसिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब के पास रायपुर में आयोजित प्रदेशस्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं शाकंभरी महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 8 अक्टूबर को समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी, जिसमें अपनी सहमति प्रदान की।

इस दौरान सामाजिक चर्चा भी हुई। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश संयोजक एवं शाकंभरी बोर्ड छग के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, महासचिव ललित पटेल, कोषाध्यक्ष लीलारसिंह पटेल, कार्यालय प्रभारी उत्तम पटेल और खेलसिंह नायक शामिल रहे।

बारहपाली शक्तिपीठ में ज्योति कलश की स्थापना, सेवा मंडली को जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बांधा स्थित बारहपाली शक्ति पीठ जय मां अलसाईन दाई में इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ ज्योति कलश की स्थापना की गई है। नवरात्रि पर्व के दौरान विभिन्न गांवों को अलग-अलग दिन सेवा मंडली को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को घट स्थापना, सोमवार को बिलभदर एवं डोंगरडुला, मंगलवार को गजकन्हार एवं कल्लेमेट्टा, बुधवार को अछोली एवं परसापानी, गुरुवार को राजपुर एवं बटनहर्रा, शुक्रवार को मोहमल्ला एवं खरखाभर्री तथा शनिवार को सराईटोला एवं गुडरापारा की सेवा मंडली रहेगी। इसके बाद रविवार को गुहाननाला एवं कोलियारी तथा सोमवार को केरामुड़ा एवं कौहाबाहरा के श्रद्धालु सेवा में शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पाली अध्यक्ष सुरजन ध्रुव, उपाध्यक्ष बंशीलाल सोरी, दयाराम नेताम, बिरझू राम यादव, महासचिव नरसिंह मरकाम, कोषाध्यक्ष सोमनाथ नेताम, सचिव सियाराम ध्रुव, सहसचिव चंद्रभान मरकाम सहित अन्य जुटे हैं। मीडिया प्रभारी कृतलाल मरकाम एवं भूषणलाल मरकाम ने बताया कि ज्योति कलश स्थापना के साथ क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। इस आयोजन में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।



भखारा में चैतन्य देवियों की झांकी सजेगी

अंवरी। नगर पंचायत भखारा के नया बस स्टैंड में नवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज परिवार द्वारा 13 से 16 अक्टूबर तक चैतन्य देवियों एवं 12 ज्योतिर्लिंग के आकर्षणमय रूपों के दर्शन के लिए झांकी प्रस्तुत की जायेगी। झांकी प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक रहेगी।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

कार्यालय तहसीलदार धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र.-419
ग्राम-धमतरी
तहसील व जिला धमतरी

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा धमतरी के द्वारा मृतक विजय बैरागी पिता स्व. लालचंद बैरागी निवासी पो.आ. वार्ड धमतरी जिला धमतरी का दिनांक 20.05.2026 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया। बैंक के द्वारा मृतक विजय बैरागी पिता स्व. लालचंद बैरागी के पारिवारिक वंशावली प्रदान करने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को अपनी आपत्ति/उजर दावा पेश करना हो तो वह दिनांक 21/10/2026 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/उजर दावा पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार धमतरी (छ.ग.)

केला राइस इंडस्ट्री और एमएसएफ इंडस्ट्री के साथ हुआ समझौता

उद्योगों से जुड़ेंगे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्रशिक्षणार्थी, कुरूद में दो संस्थानों से करार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कुरूद के प्रशिक्षणार्थियों को अब उद्योगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। इसके लिए संस्था के प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के प्रयास से 8 अक्टूबर को केला राइस इंडस्ट्री कुरूद और एमएसएफ इंडस्ट्री बगौद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते से सौर तकनीशियन, विद्युतकार, फीटर, सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली अनुरक्षण, स्मार्ट कृषि और वेल्डर व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों को उद्योगों में काम सीखने का अवसर मिलेगा। इससे वे आधुनिक तकनीक और औद्योगिक कार्यप्रणाली से परिचित हो सकेंगे। संस्था के प्राचार्य योगेश देवांगन और प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण, रोजगार और नियोजन के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह पहल कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के सहयोग से की गई है।

इस अवसर पर प्राचार्य योगेश देवांगन, प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ प्रभारी सुरेन्द्र देवांगन, प्रशिक्षुता प्रभारी तोषण लाल साहू, दोनों उद्योगों के निदेशक, प्रकोष्ठ के सदस्य और संस्था के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कौशल विकास को मिलेगा बढ़ावा

उद्योगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण से प्रशिक्षणार्थियों के तकनीकी कौशल और कार्यानुभव में वृद्धि होगी। साथ ही उनकी रोजगार क्षमता विकसित करने और औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप दक्ष बनाने में मदद मिलेगी।

पहले भी छह संस्थानों से करार

आईटीआई कुरूद द्वारा इससे पहले भी प्रशिक्षणार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए विभिन्न उद्योगों एवं संस्थानों के साथ छह समझौते किए जा चुके हैं। इनमें जॉन डियर ट्रैक्टर, जनपद पंचायत कुरूद, लोक निर्माण विभाग धमतरी और हनुमान एग्रो कुरूद सहित अन्य संस्थान शामिल हैं।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौगागगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



खबर संक्षेप



बेलरगांव में माता रानी के आगमन पर निकाली चुनरी यात्रा

नगरी। बेलरगांव में माता रानी के आगमन पर आज चुनरी यात्रा निकाली गई। महिलाओं द्वारा निकाली गई यह चुनरी यात्रा पूरे गांव में भ्रमण करते हुए निकली, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी रही। सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर चुनरी लेकर, जय माता दी के जयकारों के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। गांव के हर गली-मोहल्ले में चुनरी यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। माता के प्रति श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा देखकर पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर अघोरी ग्रुप द्वारा शिव तांडव एवं शिव-पार्वती विवाह की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति और आकर्षक वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया। शिव तांडव के दौरान हर-हर महादेव के गगनभेदी नारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। इस आयोजन को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का सम्मान

आमदी(धमतरी)। नगर पंचायत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आंगन मिलन कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, विशेष अतिथि सुनीता साहू पार्षद, कोमल यादव उपाध्यक्ष, हेमंतमाला साहू, उमानंद कुंभकार, त्रिभुवन मटियारा, असरूराम साहू, लक्ष्मी पटेल थे।

मोटर-साइकिल रैली से हुई सप्ताह की शुरुआत

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह में 190 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को डीएफओ ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रत्येक वर्ष वनमंडलों में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। इस वर्ष भारत सरकार ने वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह की थीम कनेक्टिंग हैबिटैट्स, थ्राइविंग वाइल्डलाइफ रखी गई थी। जिले में इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर को मोटर-साइकिल रैली से हुई। द्वितीय चरण में 7 अक्टूबर को स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला एवं 8 अक्टूबर को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन उपवनमंडल नगरी में एवं नवीन प्रशिक्षण हॉल वनमंडल डिपो परिसर धमतरी में किया गया था। प्रतियोगिता को दो ग्रुपों में बांटा गया था, जिसमें ए गुप में कक्षा 5 वीं से 8 वीं एवं बी गुप में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के कुल 190 विद्यार्थियों ने भाग



लिया । 59 छात्र एवं 131 छात्राओं की उपस्थिति रही । स्कूली विद्यार्थी चित्रकला में वन्यप्राणी और जल संरक्षण तथा मानव-हाथी द्वंद व मानव वन्यप्राणी सह अस्तितव विषय पर निबंध लिखा। 8 अक्टूबर को प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी से डीएफओ ने सम्मानित किया। चित्रकला प्रतियोगिता गुप ए कक्षा पहली से पांचवी में प्रथम लेकेन्द्र सिन्हा कक्षा छठवीं सेंटमेरी स्कूल धमतरी, द्वितीय खुशबू धीवर कक्षा 7 वीं स्वामी आत्मानंद स्कूल गोकुलपुर, तृतीय रेयांस गुप्ता कक्षा पाचवीं सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेण्डरी धमतरी रहे। निबंध प्रतियोगिता के इसी ग्रुप में प्रथम आदित्य राज देवांगन कक्षा 8 वीं सेंट जेवियर्स स्कूल धमतरी, द्वितीय भावना ढीमर कक्षा 7 वीं गुरूकुल विद्यासागर विद्यालय धमतरी, तृतीय पायल साहू कक्षा 8 वीं शा.मा.शाला अधारी नवागांव रही। द्वितीय ग्रुप बी में कक्षा 9 वीं से 12 वीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम मिस राधिका शर्मा कक्षा 11 वीं पीएमश्री एमआरडी.बठेना धमतरी, द्वितीय शिफा बानो कक्षा 9 वीं मेनोनाईट मिडिल स्कूल धमतरी, तृतीय भाग्यश्री कक्षा 11 वीं शासकीय हाईस्कूल भोथली ने प्राप्त किया।

निबंध प्रतियोगिता में गुलशन कुमार कक्षा 10 वीं शास.उ.मा. विद्यालय भोथली प्रथम, चिन्मयी देवांगन कक्षा 11 वीं सेंट जेवियर्स स्कूल धमतरी द्वितीय व प्रिया ढीमर कक्षा 12 वीं शिव सिंह वर्मा शास.उ.मा. विद्या धमतरी तृतीय रही । दोनों ग्रुप से सांत्वना पुरस्कार पूर्वी साहू कक्षा 8 वीं, भूविक खंडेलवाल 5 वीं, समृद्धि सूर्यवंशी 7 वीं, दामिनी ध्रुव, 7 वीं, दीपिका ठाकुर 7 वीं, चन्द्रहास कुंजाम 8 वीं, गुंजन नामदेव 8 वीं, समीर बंजारे 8 वीं, हर्षिता सेन 7 वीं, वंदना ध्रुव 7 वीं, समृद्धि जोशी 7 वीं, डॉली साहू कक्षा 12 वीं, सेजल तापाड़िया 12 वीं, हिना साहू 12 वीं, चांदनी साहू 9 वीं, ओजस्वी साहू 11 वीं, जान्हवी देवांगन 12 वीं, डॉली चक्रधारी 9 वीं, सौम्या साहू 9 वीं, गौकरण सोनवानी 12वीं, अंकिता भोजवानी 9वीं ने प्राप्त किया।

डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने वन्य जीव संरक्षण व संवर्धन की महत्ता पर प्रकाश डाला। मौके पर एसडीओ धमतरी एसएस नाविक, बीके लकड़ा संलग्नाधिकारी, सत्यनारायण प्रधान वन परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी, डिप्टी रेंजर राकेश तिवारी, अर्जुन निर्मलकर, सुदामा निर्मलकर, राकेश रणसिंह वॉयरलेस ऑपरेटर एवं वनमंडल कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

गंगरेल बांध में डूब प्रभावितों का जल सत्याग्रह शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अब आश्वासन नहीं, जमीन पर कार्रवाई चाहिए

डूब प्रभावितों का कहना है कि वर्षों से अपने अधिकारों के लिए इंतजार करने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करना तथा पात्र डूब प्रभावित परिवारों को नियमानुसार भूमि आवंटन दिलाना इस आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य है। जल सत्याग्रह एवं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा।

लंबित भूमि आवंटन एवं अधिकारों की मांग को लेकर गंगरेल बांध डूब प्रभावितों को 12 अक्टूबर से बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के पीछे गंगरेल बांध में जल सत्याग्रह एवं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू हो गया है। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के आदेश के बावजूद लगभग छह वर्षों से अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के विरोध में डूब प्रभावितों ने आंदोलन शुरू किया है। डूब प्रभावितों का कहना है कि गंगरेल बांध डूब प्रभावितों के भूमि आवंटन एवं अधिकारों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय छग द्वारा WPC No. 5575/2008 एवं WPC No. 3055/2016 में 16 दिसंबर 2020 को आदेश पारित किया था। इसके बावजूद पात्र डूब प्रभावितों के संबंध में आवश्यक जांच एवं भूमि आवंटन की प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से यह मामला अब तक लंबित है।

'वोट चोरी' आंदोलन से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही भाजपा : तारिणी



धमतरी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने जेएनयू के सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ सोशल सिस्टम्स में प्रो. और इनर मणिपुर से कांग्रेस के लोस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोजाम को जानबूझकर निशाना बनाए जाने और उनके खिलाफ राजनीति से प्रेरित प्रोपेगैंडा के तहत भाजपा महिला मोर्चा द्वारा किए गए कांग्रेस भवन के घेराव को बेहद शर्मनाक बताया है। देश भर में कांग्रेस पार्टी द्वारा जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए वोट चोरी आंदोलन चलाया जा रहा है, जिससे बौखलाई भाजपा अब अपनी महिला मोर्चा को आगे कर इस मुख्य मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने का निष्फल प्रयास कर रही है। यदि भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं में थोड़ी भी नैतिकता और संवेदना बची है, तो वे इनर मणिपुर के कांग्रेस सांसद के ऊपर लगाए गए झूठे, आधारहीन और राजनीतिक आरोपों के ढोंग को तुरंत छोड़ें। उन्हें आज मणिपुर सहित देश की उन लाखों पीड़ित महिलाओं के साथ खड़ा होना चाहिए, जो भाजपा की डबल इंजन सरकारों की प्रशासनिक विफलता के कारण हर दिन यौन उत्पीड़न, अत्याचार और हिंसा का शिकार हो रही हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

आय-जाति प्रमाण-पत्र नहीं तो सरकारी राशन भी नहीं

मांगा जाता था। वहीं आय प्रमाण -पत्र भी सिर्फ मुखिया का मांगा जाता था, लेकिन अब सदस्यों के जाति प्रमाण-पत्र के साथ सभी सदस्यों का आय प्रमाण-पत्र भी मांगा जा रहा है। पुराना राशन कार्ड तो ज्यों का त्यों रहेगा, लेकिन संशोधन और नया राशन कार्ड बनाने की स्थिति में इन दस्तावेजों को अनिवार्य कर दिया गया है। जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं होने पर आवेदन के आगे बढ़ने की प्रक्रिया नहीं बढ़ पा रही है। नई व्यवस्था को लेकर राशन कार्ड बनवाने वाले परिवारों के सामने नई परेशानी खड़ी हो गई है। नई डिजिटल व्यवस्था के तहत राशन कार्ड के लिए आवेदन प्रक्रिया सितंबर माह से शुरू हो गई है। पोर्टल में समस्या के कारण राशन कार्ड बनाने का काम नहीं हो पा रहा है।

भाजपा महिला मोर्चा ने घेरा कांग्रेस भवन

होनी चाहिए। महिलाओं को न्याय दिलाना समाज और व्यवस्था दोनों की जिम्मेदारी है। महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री बीथिका विश्वास ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा से जुड़े मामलों पर किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। जेएनयू की 11 छात्राओं के साथ कथित यौन उत्पीड़न का मामला अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाना और निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाना आवश्यक है। अनीता यादव ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर दोहरा मापदंड अपनाना नहीं चाहिए। चाहे मामला व्यक्तिगत हो या राजनीतिक, कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। भाजपा महिला मोर्चा महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय के लिए अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। धरना प्रदर्शन एवं कांग्रेस भवन घेराव का संचालन महामंत्री प्रियंका सिन्हा ने किया।

मौके पर अर्चना चौबे, सरला जैन, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, धनेश्वरी साहू, देहुति साहू, सीमा चौबे, हिमानी साहू, नम्रता पवार, नीलू रजक, पूर्णिमा बनपेला, अनीता ध्रुव, संगीता जगताप, भारती साहू, रूक्मणि सोनकर, प्राची सोनी, डोली सोनी, दमयंती गजेन्द्र, पूजा कुंजाम, चंद्रभागा साहू, चिलेश्वरी साहू, आशा लोधी, लक्ष्मी ठाकरे, रितिका यादव, सरिता यादव, अंकिता मिश्रा, सुशीला तिवारी, शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, गौरव मगर, ओमेश यादव, दिलीप पटेल, अशोक सिन्हा, राजीव सिन्हा, विजय ठाकुर, भागवत यादव, आयुष दीवान, प्रतीक महावर, प्रियांशु तिवारी, अंकुश जगताप, प्रकाश राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

श्रद्धालुओं से भरा छोटा हाथी पलटा, 25 से अधिक घायल

घटना में महिला, पुरूष, बच्चे सहित 25 से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 के आरक्षक रूद्रनारायण साहू, चालक गणेश साहू, वरदान परमार्थ समिति के शिवा प्रधान अपनी दो एम्बुलेंस व रितुराज फाउंडेशन की वेंटिलेटर एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे। रोते-बिलखते घायलों को एक के बाद एम्बुलेंस से उपचार कराने अस्पताल के लिए रवाना किया गया। कुछ घायलों को निजी अस्पताल व अन्य घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टरों की टीम तत्काल मोर्चा संभालते हुए घायलों के उपचार में जुट गई। कुछ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को वार्ड में भर्ती किया गया। घायलों का जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों में उपचार जारी है।

रात 3 बजे तक छाया छत्तीसगढ़ी गीत संगीत का जादू, लोककला ने बांधा समां

- नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा : लोककला और संस्कृति हमारी पहचान एवं गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





विधायक अजय चंद्राकर के सहयोग से दुर्ग छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध राग अनुराग कला मंच की प्रस्तुति हुई। मंच के कलाकारों ने अपने मधुर छत्तीसगढ़ी गीतों, संगीत और मनमोहक मंचीय प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोककला और संस्कृति हमारी पहचान एवं गौरव है। ऐसे सांस्कृतिक मंच हमारी परंपराओं, लोकगीतों और क्षेत्रीय भाषा को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलाकार अपनी प्रतिभा और साधना के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद पंचायत कुरूद की अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने लोककला एवं सांस्कृतिक आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि रामगोपाल देवांगन पूर्व जनपद अध्यक्ष, पूजा सिन्हा जिला पंचायत सदस्य, आनंद यदु भाजपा जिला उपाध्यक्ष, छात्रपाल बैस, रामस्वरूप साहू, पूर्णिमा साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू थे। कार्यक्रम रात 3 बजे तक चला। कार्यक्रम ने दर्शकों के बीच छत्तीसगढ़ी कला, संगीत और सांस्कृतिक विरासत के प्रति उत्साह एवं अपनत्व का वातावरण निर्मित किया।



अंचल की खबरें

स्वच्छता समूह की महिलाओं ने चलाया सफाई अभियान



डाही(धमतरी)। ग्राम डाही की स्वच्छता समूह की महिलाओं ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत मंदिर परिसर, सार्वजनिक सड़क, नल, स्कूल और पंचायत परिसर सहित विभिन्न जगहों की साफ-सफाई की। इस अवसर पर सरपंच सुमन देवांगन, मीना सोनवानी, प्रमिला सोनवानी, कामिनी पटेल, सुनीति पटेल, ईश्वरी पटेल, समुंदा पटेल, नंदू पटेल आदि मौजूद थे।

दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित



धमतरी। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत धमतरी में दो दिवसीय जिला स्तरीय निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति की अस्थिबाधित सदस्य सुलोचना, रामेश्वरी और राधिका को महावीर जयपुर द्वारा निःशुल्क व्हीलचेयर, छड़ी एवं बैसाखी प्रदान की गई। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक मनीषा पांडे जायसवाल, भावेश साहू, देवांगन, घनश्याम सिंह साहू, सुलेखा अली, सोमन साहू और गीतेश्वरी उपस्थित रहे। सहायक उपकरण मिलने से हितग्राहियों में खुशी दिखाई दी। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों से उन्हें चलने-फिरने में सुविधा मिलेगी और दैनिक कार्यों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का लिया संकल्प



धमतरी। ग्राम थूहा के सतनाम कुटी धाम में जिला स्तरीय सतनाम चौका आरती के कडीहार पंडितों की बैठक हुई। इस दौरान सामाजिक हित में विचार रखते हुए समाज में अनुचित परंपरा व अन्य कुरीतियों पर प्रकाश डाला गया। व्यवहारिक जीवन में सुधार करने में बल देते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा एकजुट सेवाभाव का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष धरमदास डाहेर, उपाध्यक्ष मोहन कोसले, कोषाध्यक्ष पन्नालाल कुर्रे, संरक्षक नेगीराम मारकंडे, तुकाराम गिलहरे सहित अन्य पंडित करीहार उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी अशोक कुर्रे ने बताया कि बैठक में कार्यकारिणी पदाधिकारियों का गठन किया गया।

धमतरी को स्वच्छ शहर बनाने युवाओं ने संभाली कमान



धमतरी। शहर को स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी अब युवाओं ने अपने हाथों में ले ली है। फिट एंड क्लीन धमतरी मुहिम के तहत युवाओं ने तालाबों की सफाई से अभियान की शुरुआत की थी, जो अब चौथे सप्ताह में शहर के मुख्य इलाकों तक पहुंच गया है। हाथों में झाड़ू और शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेकर युवाओं की टोली मैदान में उतरी है। शहर के तालाबों और जलस्रोतों के आसपास जमा कचरे को हटाया गया। अंबेडकर चौक रोड स्थित शराब दुकान के आसपास फैले कचरे, बोतलों और गंदगी को हटाकर पूरे क्षेत्र की साफ-सफाई की। युवाओं का कहना है कि स्वच्छता सिर्फ नगर निगम या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। शहर को साफ रखने में नागरिकों की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। उनका कहना है कि जिस तरह इंदौर ने स्वच्छता में देशभर में पहचान बनाई, उसी तरह धमतरी को भी स्वच्छ शहर के रूप में आगे लाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है।

- तालाबों से मुख्य सड़कों तक चला सफाई अभियान

छाती सोसाइटी में मछली पालन के लिए 3 लाख तक ब्याजमुक्त ऋण

पुरी। किसानों की आय बढ़ाने और सहकार से समृद्धि लाने के उद्देश्य से ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में किसानों को मछली पालन, गाय पालन और उद्यानिकी के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति के सीओ नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि मछली पालन के लिए एक वर्षीय अल्पकालिक अवधि हेतु 3 लाख रुपए तक ब्याजमुक्त ऋण दिया जा रहा है। वहीं गाय पालन के लिए 2 लाख रुपए तक 1 प्रतिशत तथा 2 से 3 लाख रुपए तक 2 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण की सुविधा है। ऋण लेने के लिए आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, नक्शा-खसरा, नोटरी प्रमाण पत्र, पटवारी से सी-फॉर्म, एक फोटो और मोबाइल नंबर सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। इच्छुक किसान समिति के सदस्य बनकर अधिक जानकारी के लिए समिति कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। समिति द्वारा किसानों को स्वरोजगार से जोड़ने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से ऋण वितरण शुरू किया गया है।





खबर संक्षेप



खर्रा में विराजित हुईं मां दुर्गा

सिर्री। ग्राम खर्रा के मानस चौक में श्री जागृति नव दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 11 अक्टूबर रविवार को मां दुर्गा की प्रतिमा और ज्योति कलश की स्थापना की गई। खर्रा के श्रद्धालु माता की सेवा में जुटे हैं।

संकरी में दुर्गोत्सव पर हो रहे विविध कार्यक्रम



सिर्री। ग्राम संकरी के सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति ज्ञान मंदिर चौक में शारदीय नवरात्रि पर ज्योत जंवारा एवं मूर्ति स्थापना की गई है। नवरात्रि के प्रारंभ पर कलश स्थापना रविवार को हुई। पंचमी श्रृंगार 15 अक्टूबर को, अष्टमी हवन पूजा 18 अक्टूबर को किया जाएगा। विजयादशमी 20 अक्टूबर को मनाई जायेगी। 12 अक्टूबर को अजयमाला नाचा पार्टी भर्रीटोला चारामा जिला कांकेर की प्रस्तुति हुई। 14 अक्टूबर को जय मां शारदा बेटियां सुआ नृत्य तामासिवनी जिला रायपुर, 16 अक्टूबर को राधा किशन लोककला नाचा पार्टी सिलतरा जिला दुर्ग, 17 अक्टूबर को भाग्यलक्ष्मी बालिका मानस परिवार गोटकू जिला गरियाबंद की प्रस्तुति, 18 अक्टूबर को जय बैगीन गुड़ी दाई अजय जस झांकी परिवार निपानी, 19 अक्टूबर को मया के संदेश नाचा पार्टी कसही कुरूद की प्रस्तुति रात 8 बजे होगी

मिलेनियम स्कूल की छात्रा अव्या ने जीते दो स्वर्ण पदक

धमतरी। मिलेनियम स्कूल धमतरी की सीनियर केजी की



छात्रा अव्या गुप्ता ने राज्य स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता रायपुर के सरोना स्थित केपीएस में आयोजित की गई थी। अव्या की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने अव्या को बधाई देते हुए उसके माता-पिता के सहयोग एवं प्रोत्साहन की सराहना की। खेल शिक्षक इंद्र के मार्गदर्शन की भी प्रशंसा की। विद्यालय की निदेशक श्रुति साहेब ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को सही दिशा, निरंतर अभ्यास और परिवार के सहयोग से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

महेश ने राज्यस्तरीय रग्बी में जीता स्वर्ण पदक

नगरी। शासकीसय कन्या उमावि नगरी के छात्र महेश सलाम पिता समयलाल ने बलौदाबाजार में



आयोजित राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता 2 से 6 अक्टूबर को बलौदाबाजार में आयोजित हुई जिसमें रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, सरगुजा, दुर्ग संभाग की टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले में रायपुर संभाग की टीम ने उत्कृष्ट खेल भावना और टीमवर्क का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य मीनाक्षी रामटेके ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, कोचिंग और अनुशासन का परिणाम है। खेल प्रशिक्षक होमेश्वरी साहू ने बताया कि बच्चे प्रतिदिन कठिन अभ्यास करते थे, जिसका परिणाम अब सामने आया है। इस जीत पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र भट्ट, उपाध्यक्ष एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

पूर्व विधायक रंजना साहू ने किया नियमित क्रय-विक्रय का शुभारंभ

धमतरी की ऐतिहासिक वनोपज मंडी फिर हुई गुलजार





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पांच स्व-सहायता समूहों को मिले 25-25 हजार के प्रोत्साहन चेक

कार्यक्रम में कृषि सुधार विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत पांच स्व-सहायता समूहों को 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही व्यक्तिगत कृषकों को भी सम्मानित किया गया।

धमतरी की व्यापारिक विरासत और वनांचल की समृद्ध प्राकृतिक संपदा से जुड़ी दशकों पुरानी वनोपज मंडी आज फिर गुलजार हो उठी। श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वनोपज एवं अन्य औषधीय उत्पादों के नियमित क्रय-विक्रय का शुभारंभ पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने किया। अब प्रत्येक सोमवार को यहां वनोपज की खरीदी-बिक्री के लिए मंडी सजेगी और खुली बोली के माध्यम से उत्पादकों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। शुभारंभ अवसर पर 8 कृषक अपने उत्पाद मंडी में बेचने लाए। अतिथियों की उपस्थिति में बोली लगाकर वनोपज की खरीदी-बिक्री की गई।

हर सोमवार सुबह 10 बजे से होगी खरीदी-बिक्री

कृषि उपज मंडी समिति धमतरी द्वारा प्रत्येक सोमवार को सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक श्यामतराई मंडी परिसर के शेड क्रमांक-01 में पोल क्रमांक 04 से 08 तक का हिस्सा वनोपज एवं अन्य औषधीय उत्पादों के क्रय-विक्रय के लिए आरक्षित किया गया है। कृषक एवं वनोपज संग्राहक अपनी उपज लेकर निर्धारित स्थल पर पहुंच सकते हैं। वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्णा जाधव ने जिले में उपलब्ध वनोपज और वन संपदा की संभावनाओं की जानकारी दी। जिला लघु वनोपज व्यापारी संघ के अध्यक्ष इस्तियाक रोकड़िया तथा सत्यनारायण राठी ने भी अपने विचार रखे।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी : रंजना साहू

पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि धमतरी की पुरानी वनोपज मंडी का पुनः संचालन जिले की व्यापारिक परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ किसानों और वनोपज संग्राहकों के हित में महत्वपूर्ण पहल है। वनांचल के अनेक परिवार अपनी आजीविका के लिए लघु वनोपज एवं प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। ऐसे में उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए स्थानीय स्तर पर नियमित बाजार मिलना आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में उपयोगी कदम है।

कच्ची वनोपज से मूल्य संवर्धन तक विकसित होगी पूरी श्रृंखला : कलेक्टर

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि ऐतिहासिक वनोपज मंडी को पुनः सक्रिय करने का उद्देश्य जिले के कृषकों और वनोपज संग्राहकों को स्थानीय स्तर पर बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। प्रत्येक सप्ताह नियमित क्रय-विक्रय की व्यवस्था बनने से उत्पादकों को अपनी उपज बेचने के लिए दूरस्थ बाजारों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। इससे समय और परिवहन लागत की बचत के साथ विपणन की प्रक्रिया भी अधिक सुविधाजनक हो सकेगी।

ज्वेलरी रिपेयरिंग शॉप में लाखों के जेवर की चोरी



इतवारी बाजार की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इतवारी बाजार के पास स्थित सोने-चांदी के जेवरों की रिपेयरिंग दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों की ज्वेलरी की चोरी कर फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार इतवारी बाजार में हनुमान स्वर्ण रजत रिपेयरिंग दुकान है जहां सोने चांदी के जेवरों की मरम्मत का कार्य किया जाता है। रविवार की देर रात्रि अज्ञात चोर दुकान का ताला तोड़कर वहां रखे लगभग 14 ग्राम सोने व 600 ग्राम चांदी के जेवर तथा 5000 नगद रूपए की चोरी कर फरार हो गया। सोमवार की सुबह दुकान में चोरी होने की जानकारी होने पर आसपास हड़कंप मच गया। राजेन्द्र सोनी ने मीडिया को बताया कि दुकान में लगभग 4 लाख के सोने-चांदी व नकदी की चोरी हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है। सिटी कोतवाली से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित दुकान में हुई चोरी की घटना ने लोगों को चिंतित कर दिया है क्योंकि घटनास्थल के आसपास बड़ी-बड़ी ज्वेलरी की दुकानें हैं।

आरोपी सीसीटीवी में कैद

रिपेयरिंग दुकान में हुई चोरी की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर की तलाश शुरू कर दी है।

स्वस्थ शिशु एवं स्वस्थ गर्भवती महिलाओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम दानीटोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ जिसमें बतौर अतिथि डॉ बीथिका बिश्वास शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को एक स्वस्थ, स्वच्छ वातावरण कैसे दिया जाए, इसके लिए केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जन जागृति का कार्य कर रही है। इसमें आम नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। प्रधानमंत्री के देश सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने की यह एक पहल है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घर-घर मुनगा हर घर मुनगा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए न्योजा भोज कार्यक्रम रखा गया। स्वस्थ शिशु एवं स्वस्थ गर्भवती महिलाओं को सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भी सम्मानित हुई। मौके पर नगर निगम महिला बाल विकास सभापति विभा चंद्राकर, दानीटोला वार्ड पार्षद अज्जू देशलहरे, गौरव मगर, ब्राह्मण वार्ड पार्षद कोमल सार्वा, अजय समेत वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सहायक उपकरणों से वरिष्ठजनों और दिव्यांगजनों की राह हुई आसान



- इंडोर स्टेडियम आमातालाब रोड में आयोजित हुआ निदान-03 शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निदान-03 शिविर में सियानगुड़ी वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र के वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण वितरित किए गए।

इंडोर स्टेडियम आमातालाब रोड में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाना तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना था।

सियानगुड़ी के हितग्राहियों को छड़ी सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए गए। सियानगुड़ी के हितग्राहियों योगेश शुक्ला, विष्णु प्रसाद, बिसाहिन देवांगन, गोपी मिश्रा, भूपाल धीवर, रामबाई साहू, बाबूलाल साहू, श्यामलाल साहू, यशोदा साहू, भागीरथी, राजवंती, रामकुंवर साहू, गीताबाई साहू, जगदेव, आरडी कपूरिया, हीरालाल, अनुपमा गंजीर, गणेश सोनकर, तृतराम साहू सुशीला चन्द्रवंशी,रमऊराम साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर एवं सुनील केशरवानी को उपकरण दिया गया।

इस आयोजन में जिला प्रशासन धमतरी, समाज कल्याण विभाग, एनईएस फाउंडेशन एवं जयपुर फूट एवं भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति का सहयोग सराहनीय रहा।

कार्यक्रम के संचालन में जननी सेवा संस्थान के स्टाफ सदस्यों दिव्या साहू, उमराव साहू, दिव्य प्रकाश, दानवीर, चैतांशु राजा, सती सेन, कुणाल देवांगन, प्रशांत साहू, धनेन्द्र कुमार, तुलसी साहू एवं दुलारी पटेल का सहयोग रहा।

मसानडबरा में आज वृहद पौधारोपण





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित क्षेत्र मसान डबरा में आज सुबह 11 बजे सेवा संकल्प, हरित संकल्प के अंतर्गत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा होंगे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का संदेश दिया जाएगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। गांवों में विकास के साथ प्रकृति और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। पौधारोपण जैसे जनहितकारी कार्यों में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी महत्वपूर्ण है। जब जनप्रतिनिधि, पंचायत और ग्रामीण मिलकर किसी अभियान को आगे बढ़ाते हैं, तब उसका सकारात्मक परिणाम जमीन पर दिखाई देता है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रकृति की रक्षा और हरियाली बढ़ाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। पौधे लगाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करना भी है।

धमतरी में गरबा की धूम, रंग-बिरंगी थीम पर थिरक रहे श्रद्धालु

- छह प्रमुख स्थानों पर हो रहे आयोजन, देशभक्ति से लेकर गुजराती संस्कृति तक दिख रही झलक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार से शहर में गरबा की धूम शुरू हो गई है। विभिन्न गरबा स्थलों पर आकर्षक सजावट, पारंपरिक परिधानों और संगीत के बीच गरबा प्रेमी उत्साह के साथ रास गरबा कर रहे हैं। नवरात्र के दौरान शहर में छह प्रमुख स्थानों पर गरबा का आयोजन हो रहा है। आयोजकों ने हर दिन के लिए अलग-अलग थीम निर्धारित की है, जिससे गरबा में संस्कृति, परंपरा और देशभक्ति के रंग देखने को मिल रहे हैं।

सिहावा रोड स्थित शांति वाटिका में नवरंग गरबा का आयोजन 11 से 18 अक्टूबर तक किया जा रहा है। पहले दिन अंतरविद्यालयीन एवं अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिता के साथ रंग दे बसंती देशभक्ति थीम रखी गई। आगामी दिनों में बैक टू द 80s, गुजराती वेशभूषा, ब्रज की होली, शिवनगरी-महादेव और गुजराती संस्कृति पर आधारित थीम आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

रत्नाबांधा रोड स्थित हरदिहा साहू समाज भवन में आराध्य गरबा 11 से 19 अक्टूबर तक आयोजित हो रहा है। पंडित राजेश शर्मा के आयोजन में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने भगवा ध्वज फहराकर शुभारंभ किया।

पहले दिन रंग दे बसंती थीम पर सफेद परिधान निर्धारित था। दूसरे दिन हृदय में जिनके सियाराम के लिए नारंगी और तीसरे दिन हमर माटी के महक के जरिए छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक दिखाई जाएगी। आयोजन में नुपुर, अवनीत कौर, डेजी शाह, अनामिका अंबर और लक्ष्मी शिरकत करेंगे। अंतिम दिन कुरूद विधायक अजय चंद्राकर शामिल होंगे। इसके अलावा गुजराती समाज भवन बनियापारा में गुजराती समाज का गरबा रविवार से शुरू हुआ। सिंध गरबा नाइट 12 अक्टूबर से नेहरू गार्डन के सामने सिन्हा समाज भवन परिसर में होगा। रास गरबा अमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम हॉल में तथा रुद्री पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में भी आयोजन हो रहा है।

वहीं सेंट जेवियर स्कूल के सामने, कंपोजिट बिल्डिंग के पीछे गौरी नगर में गरबा महोत्सव 13 से 15 अक्टूबर तक होगा। निकिता साहू के निर्देशन में 50 से 60 महिलाओं और बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया है। विभिन्न थीम और पारंपरिक वेशभूषा के साथ धमतरी में नवरात्र का उत्सवी माहौल बन गया है।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए विधायक ओंकार दिल्ली रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के समर्थन में तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने के लिए विधायक ओंकार साहू छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं साथी विधायकों के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए।

इस दौरान विधायक ओंकार साहू ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया, पारदर्शी निर्वाचन व्यवस्था और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार के सम्मान पर निर्भर करती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का मत सर्वोपरि है और उसकी रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के समर्थन में आयोजित यह प्रदर्शन लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को उठाने का एक प्रयास है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन और अपनी बात रखने का अधिकार प्रत्येक नागरिक को प्राप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, कसडोल विधायक संदीप साहू, रामकुमार यादव, बालेश्वर साहू समेत सभी कांग्रेस विधायक दिल्ली के लिए रवाना हुए।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिले के 12 हजार विद्यार्थी शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2026 में धमतरी जिले के लगभग 12 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस परीक्षा में नगरी विकासखंड के विद्यार्थियों की सर्वाधिक सहभागिता रही।

परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना का विकास करना है। गायत्री शक्तिपीठ नगरी के सुरेश कुमार साहू ने बताया कि परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

लायंस क्लब ने रोपे फलदार एवं फूलदार पौधे

धमतरी। लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स द्वारा सेवा सप्ताह अंतर्गत शिवराज ग्रीन्स कॉलोनी में फलदार एवं फूलदार पौधे लगाए गए। मौके पर लायंस अध्यक्ष शकुन्तला साहू, सचिव ज्योति लूनिया, कोषाध्यक्ष अंजुला सोनी, एडमिनिस्ट्रेशन पीएमजेएफ मनोज सोनी, एसडी नानकानी, पूजा साहू, मनोज सेठिया समेत कॉलोनी के सदस्य उपस्थित थे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक स्थायी इलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपरमात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, प्रयागराज, राहतौल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
25 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि -स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-38 Sector-4, Komal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411